

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 06.09.2021 से 11.09.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## शिक्षक दिवस आईजीयू, मीरपुर, रेवाड़ी

(दिनांक 05.09.2021)



**विषय: शिक्षक दिवस आईजीयू, मीरपुर, रेवाड़ी।**

**प्रभाव:** आज शिक्षक दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने इंदिरा गॉधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर समस्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाऍ दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्वविद्यालय के लगभग 47 करोड़ रूपये के कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। जिसमें गर्ल्स होस्टल, इंडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम, पुस्तकालय और आवासीय परिसर शामिल है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने प्रिय शिक्षक के. एल. गेरा जी को भी याद किया और कहा शिक्षक से बड़ा जीवन में कोई नहीं होता वही जीवन को बनाता भी है और दिशा भी देता है।

## बजरंग पूनिया का सम्मान समारोह


(दिनांक 05.09.2021)




**विषय: बजरंग पूनिया का सम्मान समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओलपिंक मेडल विजेता श्री बजरंग पूनिया का उनके गॉव खुड्डन में जाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बजरंग पूनिया ने हरियाणा का नाम देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में रोशन किया है। साथ मुख्यमंत्री जी ने बजरंग पूनिया के कोच को 4 लाख रूपये और गॉव के विकास की मांगों को भी मानने की घोषणा इस अवसर पर की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## इंटरनेशन हरियाणा एजुकेशन सोसायटी का शुभारंभ

(दिनांक 05.09.2021)

**विषय: इंटरनेशन हरियाणा एजुकेशन सोसायटी का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा भवन, नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ''इंटरनेशनल हरियाणा एजूकेशन सोसायटी'' का शुभारंभ किया। इस सोसायटी में लंदन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भी कई देशों में रह रहे हरियाणा के लोग जुड़े हुए हैं।

यह सोसायटी हरियाणा के युवाओं को विदेशों में पढ़ने और नौकरी पाने के लिए उनका मार्गदर्शन करेगी और मदद भी करेगी। हरियाणा का कोई भी नागरिक ''इंटरनेशनल हरियाणा एजूकेशन सोसायटी'' के नाम से बने पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अतंराष्ट्रीय हरियाणा शिक्षा विभाग स्थापित किए जाने की दिशा में विचार करने का भी भरोसा दिया ताकि हरियाणा के युवाओं को विदेश में पढ़ाई करने जाने के लिए इधर–उधर ना भटकना पड़े।


## HPPC (हाई पावर परचेज कमेटी) की बैठक

(दिनांक 07.09.2021)



**विषय: HPPC (हाई पावर परचेज कमेटी) की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में **HPPC** की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागों से सम्बन्धित लगभग 117 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट और खरीद को मंजूरी दी गई। जिसमें सबसे महत्त्वपूर्ण परिवहन विभाग से सम्बन्धित ई–टिकट का प्रोजेक्ट है। अब से हरियाणा रोडवेज की बसों में **PoS** मशीन के द्वारा टिकट दी जायेगी। जिससे न केवल कंडक्टर और यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि टिकट वितरण प्रणाली में पारदर्शिता भी आएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## MLA से मुलाकात

(दिनांक 07.09.2021)

**विषय: MLA से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हल्कों के विधायकों के साथ भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी ली।

## स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक


(दिनांक 08.09.2021)




**विषय: स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य स्तर की कमेटी की बैठक ली और विभिन्न कार्यों की समीक्षा की, जिसके तहतः–

- हर जिले में जिला स्तर की समीति बनाई जाएगी, जिसमें अधिकारियों के साथ–साथ आम जन को भी शामिल किया जाएगा।
- स्वच्छता के लिए जन भागीदारी के माध्यम से एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा।
- राज्य स्तरीय समीति का हर मेंबर 5–5 गॉवों को गोद लेकर स्वच्छता की दृष्टि से उन्हें मॉडल गॉव बनाएगा।
- स्वच्छता के कार्यों में मनरेगा के मजदूरों को शामिल कर गॉव के तालाबों, जोहड़ों और गलियों को साफ किया जाएगा।
- शहरों में घर–घर से कचरा इक्कट्ठा करने और कचरे के प्रबंधन पर बल दिया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्राइवेट विश्वविद्यालय के VC के साथ बैठक
(दिनांक 09.09.2021)



**विषय: प्राइवेट विश्वविद्यालय के VC के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा के सभी निजी विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर की बैठक में भाग लिया।


इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने नई शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन और शिक्षा सभी वर्गों विशेषकर गरीब बच्चों को कैसे उपलब्ध हो, इस दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया।

## हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात
(दिनांक 09.09.2021)



**विषय: हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओलंपिक महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों और कप्तान सविता पूनिया के साथ चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर मुलाकात की और सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। साथ ही वर्ल्ड कैडेट कुश्ती चैम्पियनशिप की विजेता कोमल पांचाल ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।





इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा देश में खेलों में अग्रणी है और हमारी बेटियों का इसमें विशेष योगदान है। हर खिलाड़ी अपने देश और प्रदेश के लिए खेलता है और इसी भावना से उसे आगे बढ़ना चाहिए।

## राईस सेलर्स एसोसिएशन के साथ मुलाकात

(दिनांक 09.09.2021)

**विषय: राईस सेलर्स एसोसिएशन के साथ मुलाकात।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा राईस सेलर्स एसोसिएशन से मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुनकर अधिकारियों को जल्द से जल्द उनके समाधान करने के निर्देश दिए।